
# स्क्रीन पर पहली बार किस करेंगी तमन्ना भाटिया?




ऐक्ट्रेस तमन्ना भाटिया केवल बॉलिवुड ही नहीं बल्कि तमिल और तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री की सक्सेसफुल ऐक्ट्रेस हैं। पिछली बार तमन्ना को तमिल फिल्म कलाईमाने में देखा गया था और उनके काम की काफी तारीफ भी हुई थी। हाल में वह फेमसली फिल्मफेयर में आई थीं और इस शो में उन्होंने ऐसी बात बोली जिसे सुनकर उनके फैन्स चौंक जाएंगे।

दरअसल अपनी फिल्मों में तमन्ना यह शर्त रखती हैं कि वह किसी ऐक्टर को किस नहीं करेंगी। इस चैट शो में उन्होंने कहा कि वह किसी ऐक्टर को किस नहीं करेंगी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वह एक बॉलिवुड ऐक्टर के लिए अपनी यह शर्त छोड़ सकती हैं। वह ऐक्टर कोई और नहीं बल्कि बॉलिवुड के ग्रीक गॉड कहे जाने वाले रितिक रोशन हैं।

तमन्ना ने कहा, मैं रितिक रोशन की बहुत बड़ी फैन हूं। कुछ दिनों पहले मैं उनसे मिली और बहुत ज्यादा एक्साइटेड थी। मैंने उनसे कहा हाय, मैं आपकी बहुत बड़ी फैन हूं और आपसे मिलकर बहुत खुश हूं। और इसके बाद मुझे नहीं पता था कि क्या बात करनी है। इसके बाद रितिक थोड़ा आगे बढ़े और वापस मुड़े। उन्होंने कहा कि क्या तुम्हें पिक्चर लेनी है तो मैंने कहा, हां मुझे पिक्चर लेनी है। उस समय मैं खुद को 16 साल की लड़की जैसा महसूस कर रही थी। तमन्ना ने आगे कहा, मैं ऑन-स्क्रीन कभी किस नहीं करती। यह मेरे कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा होता है लेकिन मैं अपने दोस्तों से मजाक में कहती रहती हूं कि मैं रितिक को किस कर सकती हूं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो तमन्ना अभी कंगना रनौत की नैशनल अवॉर्ड जीत चुकी फिल्म क्वीन के तमिल रीमेक की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म का नाम महालक्ष्मी है और इसका डायरेक्शन प्रशांत वर्मा कर रहे हैं। इसके अलावा वह देवी 2 और से रा नरसिम्हा रेड्डी सहित कुछ अन्य फिल्मों में भी दिखाई देंगी।



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

### भाग्यश्री के बेटे अभिमन्यु का डेब्यू

# सोशल मीडिया पर राधिका मदान कसा नेपोटिज्म पर तंज

बॉलिवुड की नामी ऐक्ट्रेस रही भाग्यश्री का बेटा अभिमन्यु दासानी डेब्यू करने के लिए तैयार है। उनकी फिल्म मर्द को दर्द नहीं होता के पोस्टर्स जारी कर दिए गए हैं। इस हटकर स्टोरी के लिए पोस्टर से लेकर टीजर भी अलग ही अंदाज के देखने को मिल रहे हैं। फिल्म में स्टारकिड होने के बावजूद इस मूवी की ऐक्ट्रेस राधिका मदन के किरदार के इंट्रोडक्शन विडियो में नेपोटिज्म का मजाक उड़ाया गया है।

इस विडियो में राधिका फिल्म सेट पर कहती हैं कि इस फिल्म से तो अभिमन्यु को लॉन्च किया जा रहा है तो वह वहां क्या कर रही हैं। वह नाराज होते हुए कहती हैं कि पोस्टर्स पर भी उसी का चेहरा नजर आ रहा है। इसके बाद वह कहती हैं कि वैसे उनका डेब्यू हो चुका है।

आगे वह अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहती हैं कि स्टारकिड का लॉन्च है। बाहर की ऐक्ट्रेस है। तो क्या ही रोल होगा। फिल्म का नाम देख लो मर्द को दर्द नहीं होता... तो इस फिल्म में ज्यादा से ज्यादा मेरी लाइन्स होंगी बचाओ-बचाओ।

हालांकि, इसके बाद राधिका चाकू लिए शख्स को लात मारते, शानदार किक के साथ एंट्री करते और कार पर स्किट मारते हुए धांसू ऐक्शन सीन्स करती दिखाई देती हैं। ये दिखाता है कि उन्होंने जिस तंजभरे अंदाज में अपने किरदार को छोटा बताया उनका रोल असल में उसके ठीक उलट है। यानी वह भी अभिमन्यु के साथ काफी स्क्रीन टाइम लेती दिखाई देने वाली हैं।

बता दें कि, फिल्म मर्द को दर्द नहीं होता में अभिमन्यु दासानी, राधिका मदान, गुलशन देवहिया, महेश मांजरेकर और जिमित त्रिवेदी दिखाई देंगे। इस मूवी को 21 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

# अकेली नहीं हूं, मेरी जिंदगी में कोई खास है: कंगना



*ऐक्ट्रेस कंगना रनौत और कॉन्ट्रोवर्सीज का पुराना नाता है। कभी फिल्मों को लेकर, कभी अपने बेबाक रवैये के चलते तो कभी रिलेशनशिप को लेकर। बहरहाल हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कंगना ने एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि वह रिलेशनशिप में हैं। हालांकि वह किसके साथ रिलेशनशिप में हैं, उसके नाम की जानकारी नहीं दी। इसके अलावा कंगना ने प्यार को लेकर और भी तमाम बातें शेयर कीं। वह कहती हैं कि आजकल वह काफी खुश हैं और अकेलापन भी नहीं है।*

*मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल ही में कंगना जब एक इंटरव्यू दे रहीं थी तो उनसे रिलेशनशिप स्टेटस को लेकर सवाल पूछा गया। इसपर उन्होंने कहा हां मेरी जिंदगी में कोई खास है। कंगना ने कहा मुझे लगता है कि मैं आज जिस मुकाम पर हूं, वहां मुझे रेग्युलर डेटिंग जैसा जरूरी नहीं लगता। उन्होंने कहा कि यह जरूर है कि आज इस उम्र में उन्हें एक साथी की जरूरत है जो उन्हें इंस्पायर और मोटिवेट कर सके।*

*रिपोर्ट्स के मुताबिक कंगना से जब रिलेशनशिप से एक्सपेक्टेशन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह उम्मीदों को लेकर कभी भी सख्त नहीं होती। इसमें बदलाव होता रहता है। पहले कुछ और थीं, 20 वर्ष की उम्र में कुछ और। वहीं आज की बात करें तो वह कुछ और एक्सपेक्ट करती हैं। यही वजह है कि आज के समय में उन्हें हैंडल करना ज्यादा आसान हो गया है।*

*प्यार के बारे में कंगना ने कहा कि उनका एक रोमांटिक साइड भी है। यही नहीं बतौर कलाकार उन्हें लगता है कि जिंदगी में इच्छाएं होना जरूरी हैं। उन्होंने कहा ऐसा कभी नहीं हुआ कि मैं प्यार के बिना रही हूं, हां यह भी है कि मेरे कुछ खराब अनुभव रहे हैं, लेकिन मैं जल्दी ही मूवऑन कर जाती हूं। कंगना ने आगे कहा, अब तक मेरे कई अफेयर रहे हैं। हर ब्रेकअप के बाद लगता है कि अब मेरी लव लाइफ खत्म हो चुकी है, लेकिन अगले कुछ महीनों में फिर प्यार कर बैठती हूं। यह एक बेहतरीन अनुभव है। कंगना के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्दी ही निर्देशक अश्विनी अय्यर तिवारी की फिल्म पंगा में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके ऑपोजिट जस्सी गिल हैं। इसके अलावा ऐक्टर राजकुमार राव के साथ फिल्म मेंटल है क्या में भी दिखाई देंगी।*